<u>प्राथमिकता</u>

<u>संख्या-12/2211/47-का-2013-24/8/2013टी.सी.</u>

प्रेषक,

एस0पी0 सिंह
विशेष कार्याधिकारी
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक
उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी
सेक्टर-डी, अलीगंज, लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक : 17 दिसम्बर, 2013**

विषय- स्टेट आफ आर्ट सिग्नेचर बिल्डिंग डा0 राम मनोहर लोहिया स्टेट अकादमी आफ एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट, लखनऊ परियोजना के निर्माणार्थ प्रस्तावित "शिलान्यास" कार्यक्रम हेतु धन उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, महाप्रबन्धक (ल0अं0-1) उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ के आपको सम्बोधित तथा प्रमुख सचिव, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को पृष्ठांकित पत्रांक-411/म0प्र0(ल0अं0-1)/कैम्प-सिग्नेचर बिल्डिंग/रा0नि0नि0/13, दिनांक 26.11.2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से शिलान्यास कार्यक्रम हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं को समुचित रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु रू0-1,00,00,000/-(रूपये एक करोड़ मात्र) की धनराशि अविलम्ब उपलब्ध् कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के उपरोक्त पत्र दिनांक 26.11.2013 के अनुक्रम में अकादमी के स्तर से एक सुविचारित स्पष्ट प्रस्ताव शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे उक्त धनराशि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय

(एस0 पी0 सिंह)
विशेष कार्याधिकारी।

http://upsandesh.up.nic.in